आंख की चोटों की फ्री सर्जरी

बीकानेर, (कासं)। दृष्टि स्वास्थ्य में ओनली द बेस्ट के प्रति प्रतिबद्ध के उद्देश्य से एएसजीआई हॉस्पिटल ने अनूठी पहल करते हुए दीपावली के दौरान पटाखों से संबंधित दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम को ध्यान में रखते हुए अस्पताल 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में आंख की चोटों के लिए निशुल्क परामर्श और आवश्यक सर्जरी करेगा।

यह सेवा 15 से 24 अक्टूबर तक रानीबाजार स्थित एएसजी आई हॉस्पिटल केन्द्र पर उपलब्ध रहेगी। अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ पंकज ढाका ने बताया कि इस निशुल्क परामर्श के दौरान किसी प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता होने पर सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए मरीजों को केवल फार्मेसी एनेस्थीसिया और ऑप्टिकल सेवाओं के लिए लागत वहन करनी होगी। डॉ ढाका ने आंकड़ों पर चर्चा करते हुए बताया कि 2023 के राष्ट्रीय डेटा के अनुसार भारत भर में पटाखों से संबंधित आंख की चोटों के 2000 से अधिक मामले दर्ज किए गए जिसमें लगभग 60 प्रतिशत 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित किया गया और लगभग 10 प्रतिशत स्थायी दृष्टि हानि का परिणाम हुआ।

ये आंकड़े कमजोर समूहों की सुरक्षा और सुरक्षित उत्सव सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपायों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हैं। उत्सव की अवधि के दौरान आपातकालीन नेत्र आघात के 20 प्रतिशत तक पटाखों के कारण होते हैं। जिसमें 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे लगभग 30 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार होते हैं और पुरूष 85 प्रतिशत प्रभावित व्यक्तियों का गठन करते हैं।

दीपावली पर विशेष साज-सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी से शहर सराबोर

बीकानेर, (कासं)। पांच दिवसीय दीपोत्सव से पहले जिला प्रशासन की ओर से बीकानेर में विशेष साज-सज्जा और लाइटिंग करवाई गई है। गलियों से लेकर मुख्य बाजारों तक, हर ओर रोशनी की चमक और रंग-बिरंगी सजावट आमजन को भा रही है। पूरा शहर दीपावली से पहले जगमगा उठा है, जिसे बड़ी संख्या में शहरवासी देर रात तक निहार रहे हैं।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देश पर नगर निगम और बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों और प्रशासनिक भवनों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। इनके साथ ही राजस्थान सरकार के निर्देश पर देवस्थान विभाग द्वारा बीकानेर के सभी प्रमुख मंदिरों को भी विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिरों में रंगीन रोशनी, पुष्प सजावट और दीप मालाओं से वातावरण भक्तिमय बन गया है। जगह-जगह बनाये गए सेल्फी प्वाइंट्स लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। युवा, बच्चे और परिवारों के साथ शहरवासी इन स्थलों पर तस्वीरें खिंचवाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

- **नगर निगम और बीडीए द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों और प्रशासनिक भवनों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया**

बीकानेर में दीपावली पर कलेक्ट्रेट को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया।

शहरवासियों ने जिला प्रशासन को इस अद्भुत सजावट के लिए धन्यवाद दिया है। लोगों का कहना है कि इस तरह की भव्य और मनमोहक सजावट बीकानेर में पहली बार देखने को मिली है। बीकानेर का यह मनमोहक दृश्य इस बार शहर को नए रूप में प्रस्तुत कर रहा है। जहां परंपरा, रोशनी और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

शांति विद्या निकेतन विद्यालय शीतला गेट बीकानेर द्वारा करूणा क्लब इकाई और स्काउट गाइड टीम ने करूणामय हरित दीपावली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने बताया कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है, लेकिन सच्ची दीपावली वही है, जिसमें हम दया, प्रेम और करूणा का दीप जलाएं। साथ ही बताया कि पटाखे जलाने से पशु पक्षी डरते हैं, वातावरण प्रदूषित होता है। बीमार आदमी को भी परेशानी होती है इस बात के साथ यह संदेश दिया कि हम दीए जलाएंगे, पेड़ लगाएंगे और प्रकृति को मुस्कुराएंगे' जिससे किसी भी जीव जन्तु पीड़ा न हो।

इस अवसर पर संस्था प्रधान हनुमान छींपा ने हानिकारक गैसों की चर्चा करते हुए बताया कि इस में सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड कार्बन मोनो ऑक्साइड आदि जहरीली गैसें निकलती है, जिससे हमें बहुत तरह की बीमारियों से ग्रसित होना पड़ सकता है और पर्यावरण भी दूषित होता है। साथ ही कूडो मार्शल आर्ट स्पेशलिस्ट प्रीतम सैन ने बताया कि हमें ग्रीन पटाखों का उपयोग करना चाहिए। मिट्टी के दीपक जलाने चाहिए और करूणा, प्रेम और खुशियों के साथ दीपावली मनानी चाहिए। इस अवसर पर करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने बताया कि पटाखों की सभी जहरीली गैसों से हमें अश्वसन समस्याएं, वायु प्रदुषण, ध्वनि प्रदुषण, हृदय संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए तथा हमें पटाखों का उपयोग कम से कम करना चाहिए।

व्यापार मण्डल ने दीपोत्सव मनाया

बीकानेर, (कासं)। दीपावली के अवसर पर धनतेरस के दिन बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल के कार्यालय परिसर में दीपोत्सव का आयोजन कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जुगल राठी सहित टीम ने व्यापार मण्डल परिसर भवन में दीप जलाकर दीपोत्सव पर्व मनाया। अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि दीपावली पावन पर्व खुशियां, समृद्धि एवं रोशनी का पर्व है अंधेरे से उजाले की ओर जाने का पर्व है। अपने जीवन से अंधकार मिटाकर प्रकाश की ओर बढने का पर्व है। आज व्यापारी बंधुओं को लोकल वस्तुए क्रय कर देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान को लोकल फॉर वोकल को और मजबूत करने के लिए कहा। हमने यह निर्णय किया है कि इस पर्व पर व्यापार मण्डल से जुड़े हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता देश में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं को खरीदकर देश को मजबूत करने में योगदान देंगे।

सचिव सजंय जैन सांड ने बताया कि दीपोत्सव पर्व मनाने से पूर्व व्यापार मण्डल के सदस्य स्वयं बाजार में जाकर मिट्टी के दीपक तेल इत्यादि खरीदकर लाएं एवं आमजन को यह संदेश दिया कि इस पर्व पर स्वदेशी लोकर फॉर वोकल आत्म निर्भर भारत जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाया। पांच सौ से अधिक दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया और सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप मिट्टी से बनें दीपक देकर शुभकामनाएं दी।

दीपोत्सव में सह-सचिव प्रेमरतन जोशी, प्रचार-मंत्री सुशील कुमार यादव, खजांची मार्केट वेलफयर सोसायटी के शिव सिंह शेखावत, बीकानेर रेडिमेड होजरी एसोसिएशन के शांतिलाल कोचर मौजूद थे।

सार-समाचार

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

विधायक जेठानंद व्यास ने श्रीरामसर गेट से सुजानदेसर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने शनिवार को श्रीरामसर गेट से सुजानदेसर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा की गई बजट घोषणा की अनुपालना में बनने वाली इस सड़क के निर्माण पर 1.25 करोड़ रूपए व्यय होंगे। इस अवसर पर व्यास ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास करवाया जा रहा है। इनमें पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। पूर्व स्वीकृत कार्यों के अलावा अतिरिक्त 10 करोड़ रूपए का आग्रह मुख्यमंत्री से किया गया है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई और सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस दौरान प्रेम गहलोत, मुरली पंवार, मुकेश पंवार, चंद्र प्रकाश गहलोत, कुलवंत सिंह, तुलछाराम पंवार, हीरालाल सेवग, ओमप्रकाश चौहान, केदार दास रामावत, रामलाल पंवार, कन्हैया लाल सोलंकी, नंदकिशोर गहलोत, मूलचंद पंवार, मुरलीधर पडिहार, लालचंद पडिहार, छगन लाल पडिहार और मुकेश सैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

230 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दूषित 600 किलो मावा व 230 किलो खराब मिठाई को नष्ट करवाया।

बीकानेर, (कासं)। शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को मावा विक्रेताओं एवं कोल्ड स्टोर में रखे मावे का निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुखराज साध ने बताया कि मैसर्स जय मां नागणेची, मैसर्स डूडी सारस्वत, मैसर्स राजश्री मावा भंडार, मैसर्स श्री सियाग मावा भंडार, मैसर्स शन्नो कोल्ड स्टोर, प्रीति कोल्ड स्टोर एवं प्रियंका कोल्ड स्टोर पर कार्रवाई के दौरान मावा, मीठा मावा तथा पेठा मिठाई के कुल 7 नमूने लिए गए। इसी के साथ लगभग 600 किलो दूषित मावा एवं लगभग 230 किलो दूषित मिठाई को जनहित में नष्ट करवाया गया।

100 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और विधायक ताराचन्द सारस्वत ने विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रूपए से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसकी शुरूआत नगर पालिका के पास 2.80 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले अम्बेडकर राजकीय छात्रावास के भूमि पूजन से हुई।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। संबंधित अधिकारी निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा तथा भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र भी विकास से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि फसल खराबे की गिरदावरी के बाद मुआवजे से वंचित किसानों की सूची तैयार करके उपलब्ध करवाए। ताकि सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके।

- **नगर पालिका के पास 2.80 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले अम्बेडकर छात्रावास के भूमि पूजन से शुरूआत हुई**

विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को 100 करोड़ रूपए से अधिक राशि के कार्यों की सौगातें मिली हैं। यह मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन भवन के भूतल का क्षेत्रफल 703.50 वर्गमीटर तथा प्रथम तल का क्षेत्रफल 689.23 वर्गमीटर है। इसमें 13 शयन कक्ष, एक-एक कार्यालय कक्ष, बैठक कक्ष एवं गार्ड कक्ष, एक रसोईघर मय भोजन कक्ष, एक वाचनालय, दस-दस स्नानघर एवं शौचालय, एक कॉमन रूम तथा भंडार आदि बनाए जायेंगे। इसे जुलाई 2026 में पूर्ण कर लिया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि 50 छात्रों की क्षमता वाले इस छात्रावास में लाभार्थी बच्चों को भोजन, नाश्ता, वस्त्र, पोशाक आदि राज्य सरकार के निर्धारित नियमों के अनुरूप उपलब्ध करवाई जायेगी। इस दौरान विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार भी मौजूद थे।

वीजा एजेंट से 1 लाख की जबरन वसूली

हनुमानगढ़, (कासं)। एक वीजा एजेंट से एक लाख रूपए की जबरन वसूली और चार लाख रूपए की अतिरिक्त मांग करने का मामला सामने आया है। जंक्शन थाना पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता चरणजीत संधू (30), निवासी रतनदीप स्कूल के पास, जंक्शन ने इस्तगासा के जरिए मामला दर्ज करवाया। संधू 'वन स्टॉप वीजा सर्विसेज' नाम से वीजा सेवा केन्द्र संचालित करते हैं और लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। संधू का संपर्क झुंझुनूं जिले के चिड़ावा तहसील के बख्तावरपुरा निवासी इस्पाक खान पुत्र जंगशेर खान से फोन पर हुआ था। इस्पाक खान ने सिंगापुर जाकर काम करने की इच्छा जताई। संधू ने उसे बताया कि सिंगापुर जाने का कुल खर्च 5 लाख 40 हजार रूपए होगा, जिसका भुगतान वीजा लगने के बाद करना था।

फर्जी खातेदारी से जमीन हड़प कॉलोनी काटी

बीकानेर, (कासं)। ग्राम चकगर्बी में फर्जी खातेदारी से सरकारी जमीन हड़पकर कॉलोनी काटने का आरोप लगाते हुए मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जस्सूसर गेट के बाहर निवासी चन्द्रप्रकाश गहलोत की ओर से इस्तगासे के जरिए मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में दर्ज मुकदमे में बताया गया है कि 19 बीघा 14 बिस्वा खातेदारी जमीन का 27 जून, 04 को कैम्प में इंतकाल दर्ज करा लिया गया। जमीन रतनी देवी की बताई गई, जबकि उसे ना तो जमीन के बारे में कोई जानकारी है और ना ही वह कभी जमीन पर काबिज रही है। उसके नाम का टीसी आवंटन रकबा भी नहीं रहा।

केवलचंद दत्तक पुत्र रतनी देवी माली, नवलखी राठी, मोहनलाल राठी, कपूरचंद राठी, रामस्वरूप राठी, नाथी देवी माली व मुरलीधर आचार्य ने आपसी मिलीभगत और धोखाधड़ी से जमीन हथियाने के लिए फर्जी रतनी देवी को खड़ा कर घपला किया और कैम्प में आनन-फानन में इंतकाल दर्ज करा लिया।

- **हल्का पटवारी ने रिपोर्ट बताया है कि रतनी व जेठाराम के नाम से कोई भूमि सरकारी रिकॉर्ड में नहीं है**

हल्का पटवारी ने रिपोर्ट बताया है कि रतनी व जेठाराम के नाम से कोई भूमि सरकारी रिकॉर्ड में नहीं है। सरकारी भूमियों की खातेदारी नहीं दी जा सकती और इसकी जांच चल रही है। उपखंड अधिकारी बीकानेर के कार्यालय में खातेदारी प्रदान करने की कोई पत्रावली उपलब्ध नहीं है।

कलेक्ट्रेट में नहीं भरेगा पानी : लम्बे समय से बीकानेर में नगर निगम वाली रोड पर सबसे ज्यादा जलभराव होता है। अब ढोलामारू और कलेक्ट्रेट भी शामिल हो गया है। बारिश के दिनों में इन तीनों केन्द्रों के कारण पूरा शहर अस्त व्यस्त हो जाता है। अगले साल जनता को ये समस्या न हो इसके लिए नगर निगम ने प्लान बनाकर काम करना शुरू कर दिया है। डीएमएफटी से मिले 10.50 करोड़ रुपए से इन तीनों जगह नाले बनाए जायेंगे। बीकानेर में 27 जलभराव वाले प्रमुख केन्द्र हैं। वल्लभ गार्डन और खुदखुदा नाला ऐसी जगह है जहां बड़े स्तर पर सुधार होना है। उसके लिए 59 करोड़ रुपए पहले से मंजूर होकर टेंडर हो गए हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 35 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 28'-6''+30/2 गुणा 60'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री राहुल सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र सोनी निवासी गली नं. 07 शिवनगर, 3 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री राहुल सोनी पुत्र श्री राजेन्द्र सोनी निवासी गली नं. 07 शिवनगर, 3 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 35 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 28'-6''+30/2 गुणा 60'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18424635 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 41/43 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या का माप 09 गुणा 50'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती कमलेश पत्नी श्री महेन्द्र यादव निवासी गली नं. 08 शिवनगर 3 ई छोटी नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती कमलेश पत्नी श्री महेन्द्र यादव निवासी गली नं. 08 शिवनगर 3 ई छोटी नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 41/43 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या का माप 09 गुणा 50'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18234882 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/1395 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.10.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 2, 3 में जारी व्यावसायिक पट्टो का एकीकरण कर पुनर्गठन करने बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 3 में व्यावसायिक पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा निशा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार के नाम से (3 पट्टे) निम्नानुसार जारी है :-

क्र.सं.	चक	मुरब्बा नं.	किला नं.	भू. सं.	क्षेत्रफल	पट्टा सं.	दिनांक
1	2 ई छोटी	81	3	2	25'-0'' X 100'-0''	14645	09.05.2022
2	2 ई छोटी	81	3	3	25'-0'' X 100'-0''	14646	09.05.2022
3	2 ई छोटी	81	3	4	25'-0'' X 100'-0''	14655	09.05.2022

चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 3 एवं किला नं. 2, 3 में व्यावसायिक पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा पूजा चौधरी पुत्री श्री नरेन्द्र चौधरी के नाम से (3 पट्टे) निम्नानुसार जारी है :-

क्र.सं.	चक	मुरब्बा नं.	किला नं.	भू. सं.	क्षेत्रफल	पट्टा सं.	दिनांक
1	2 ई छोटी	81	3	5	25'-0'' X 100'-0''	14644	09.05.2022
2	2 ई छोटी	81	3	6	25'-0'' X 100'-0''	14647	09.05.2022
3	2 ई छोटी	81	3	7	25'-0'' X 100'-0''	14643	09.05.2022

चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 2 में व्यावसायिक पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा अमनदीप श्री नरेन्द्र कुमार के नाम से (4 पट्टे) निम्नानुसार जारी है :-

क्र.सं.	चक	मुरब्बा नं.	किला नं.	भू. सं.	क्षेत्रफल	पट्टा सं.	दिनांक
1	2 ई छोटी	81	2,3	8	25'-0'' X 100'-0''	14652	09.05.2022
2	2 ई छोटी	81	3	9	25'-0'' X 100'-0''	14654	09.05.2022
3	2 ई छोटी	81	3	10	25'-0'' X 100'-0''	14656	09.05.2022
4	2 ई छोटी	81	3	11	25'-0'' X 100'-0''	14653	09.05.2022

आवेदक निशा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार, पूजा चौधरी पुत्री श्री नरेन्द्र चौधरी एवं अमनदीप पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से उपरोक्तानुसार मूल व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 क्षेत्रफल 250'-0'' X 100'-0'' फीट का पुनर्गठन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णित व्यावसायिक भूखण्डों के एकीकरण/पुनर्गठन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

10 लाख की शराब पकड़वाने पर भी इनाम

बीकानेर, (कासं)। आबकारी विभाग की मुखबिर योजना में अब अवैध शराब पकड़े जाने पर एक करोड़ की बजाय 10 लाख रूपए के राजस्व नुकसान पर भी इनाम मिलेगा। पहले एक करोड़ रूपए के राजस्व नुकसान पर ही मुखबिर योजना का फायदा मिलता था।

राजस्थान सरकार के वित्त विभाग ने मुखबिर योजना में संशोधन किया है। पहले अवैध शराब पकड़े जाने पर अगर एक करोड़ रूपए का राजस्व नुकसान पाया जाता तो ही मुखबिर को इनामी राशि मिलती थी। लेकिन अब एक करोड़ की बजाय 10 लाख रूपए के राजस्व नुकसान पर ही मुखबिर को 4 प्रतिशत नकद राशि इनाम में दी जायेगी। इसके अलावा पकड़े गए वाहन की कीमत का आंकलन कर उसकी भी 8 प्रतिशत राशि मुखबिर को मिलेगी। लेकिन नए संशोधन में तय कर दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में मुखबिर को 15 लाख रूपए से ज्यादा का इनाम नहीं मिलेगा। यानी कि शराब चाहे एक करोड़ की हो या दो करोड़ रुपए की, मुखबिर को ज्यादा से ज्यादा 15 लाख रुपए ही मिलेंगे।

- **10 लाख के राजस्व नुकसान पर ही मुखबिर को 4 प्रतिशत नकद राशि इनाम में दी जायेगी**

बाइक फिसलने से युवक की मौत

श्रीडूंगरगढ़,(कासं)। सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ लौट रहे दो युवकों की बाइक घूमचक्कर के पास फिसलने से हादसे का शिकार हो गए।

इस दुर्घटना में लालासर निवासी 28 साल के जितेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया, जबकि 35 साल का राजेंद्र सिंह घायल हो गए। दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से चिकित्सकों ने जितेंद्र सिंह को बीकानेर रेफर किया लेकिन बीकानेर पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह सरपंच सुनील मलिक सहित ग्रामीण और परिजन बीकानेर के पीबीएम अस्पताल पहुंचे। मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को रिपोर्ट दी, जिसके बाद हैड कांस्टेबल संदीप कुमार ने मर्ग दर्ज किया।

खाजूवाला विधायक की पत्नी डॉ. विमला बनी कुलगुरू

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान की 7 यूनिवर्सिटी में कुलगुरू की नियुक्ति की गई हैं। इनमें बीकानेर के खाजूवाला से भाजपा विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल की पत्नी डॉ. विमला को कोटा की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में कुलगुरू (वीसी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस संबंध में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को आदेश जारी किए। डॉ. विमला पूर्व में बीकानेर के होम साइंस कॉलेज में पहले प्रोफेसर थी और वर्तमान में वहां डीन के रूप में कार्यरत हैं। कुलगुरू के रूप में उन्हें पहली बार जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति अगले 3 वर्ष के लिए की गई है। होम साइंस कॉलेज में रहते हुए डॉ. विमला की पहचान कुशल प्रशासक और शिक्षाविद के रूप में हुई थी। वे बीकानेर शहर की कई समाजसेवी संस्थाओं से भी जुड़ी हुई है।

- **कोटा के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में राज्यपाल ने डॉ. विमला को सौंपी वी.सी. की जिम्मेदारी**

राजस्थान की 7 यूनिवर्सिटी में वीसी नियुक्त किए गए हैं। राज्यपाल की ओर से जारी अलग- अलग आदेशों के तहत जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी जोधपुर में आठ महीने बाद फुलटाइम वीसी की नियुक्ति हुई है। राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय कोटा में डॉ. विमला डुंकवाल, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर में डॉ. वीरेंद्र सिंह जेतावत, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर में प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर में डॉ. प्रताप सिंह, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर में प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर और प्रो. निमित रंजन चौधरी को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में कुलगुरू पद पर नियुक्त किया गया है।

गोचर, ओरण व गाय बचाने के लिए खेत मजदूर यूनियन करेगी आंदोलन

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के बीकानेर जिला कमेटी की बैठक शीशपाल नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गोचर, गाय व ओरण बचाने के लिए खेत मजदूर यूनियन ने आंदोलन करने का निर्णय लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्य पर्यवेक्षक व राज्य सचिव रामरतन बागडिया ने कहा कि बीकानेर में प्रशासन द्वारा गोचर भूमि की खातेदारी को रद्द कर हजारों बीघा जमीन को आराजीराज घोषित करना बीकानेर के पशुपालन के लिए बहुत घातक है। जो सरकार गाय के नाम पर राज में आई है। उसी सरकार ने गाय के मुंह से गोचर छीनकर जनता को करारा जवाब दिया है कि वह सरकार न गाय की सगी है ना ही जन हितेषी नीतियों को बचाने में जनता की सगी है

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट बजरंग छींपा कहा कि खेत मजदूर यूनियन बीकानेर जिले में गोचर और गाय को बचाने के लिए व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी। इस आंदोलन की रणनीति के तहत 23 अक्टूबर को बीकानेर में सभी सामाजिक धार्मिक जन संगठनों की बैठक बुलाई है। इसके लिए इस सात सदस्य कमेटी का गठन किया गया है जिसमें बजरंग छिपा, शीशपाल नायक, रमेश मित्तल, महेन्द्र बारूपाल, मुकेश मेघवाल, भरत नायक, ओमप्रकाश मेहरड़ा के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया है। कमेटी सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों के नेताओं से मिलकर इस आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने हेतु अपील करेगी। इससे पहले जिला कमेटी की बैठक में पिछली जिला कमेटी से इस जिला कमेटी तक शहीद हुए सभी साथियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा की गई।

गोचर आंदोलन को लेकर अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की बैठक को पर्यवेक्षक व राज्य सचिव रामरतन बागडिया ने संबोधित किया।

- **23 अक्टूबर को बीकानेर में सभी सामाजिक धार्मिक जन संगठनों की बैठक बुलाई है**

पूगल में मूंगफली खरीद पंजीकरण शुरू

पूगल, (कासं)। समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शन